आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 20.08.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- राज्य विधानसभा सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही आज सुबह 11 बजे से गैरसैंण के भराड़ीसैंण में शुरू होगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– अनुपूरक बजट के माध्यम से सरकार ने युवाओं को नए अवसर, महिलाओं का सशक्तिकरण और दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया है।
- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे।
- हरिद्वार में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए विस्तृत योजना तैयार की जाएगी।
- पिथौरागढ़ जिले के 'खूनी' ग्राम का नाम बदलकर "देवीग्राम" किया गया।

विधानसभा सत्र

राज्य विधानसभा सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही आज सुबह 11 बजे गैरसैंण के भराड़ीसैंण में शुरू होगी। आज भी सत्र हंगामेदार रहने के आसार हैं। इससे पहले कल भी विपक्षी विधायकों ने सदन में जमकर हंगामा किया था। हंगामे और शोरगुल के बीच ही सरकार ने अनुपूरक बजट और कई महत्वपूर्ण विधेयक सदन में पेश किए।

आज सदन में प्रश्न काल और अनुपूरक बजट सहित विभिन्न विधेयकों पर चर्चा होने की उम्मीद है। विधानसभा सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच हजार तीन सौ पंद्रह करोड़ रुपये का यह अनुपूरक बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को आत्मसात करते हुए तैयार किया गया है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि सतत विकास, समावेशी विकास, नवाचार और आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में सरकार का संकल्प है। श्री धामी ने कहा कि सरकार का फोकस राज्य की मानव पूंजी में निवेश और हर वर्ग के समावेशी विकास पर है। किसानों, श्रमिकों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं, सुरक्षाबलों और पत्रकारों सहित सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए यह बजट तैयार किया गया है।

सत्र

बजट में विद्युत टैरिफ सब्सिडी, स्वास्थ्य योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, पुलिसकर्मियों के आवास, तीमारदारों के विश्राम गृह, शहीदों व पत्रकार कल्याण कोष के लिए समुचित प्रावधान किए गए हैं। सरकार ने आपदा न्यूनीकरण और पर्यावरणीय संतुलन को भी प्राथमिकता दी है, ताकि 'इकोलॉजी' और 'इकोनॉमी' के बीच संतुलन बना रहे। भू–धसाव, भूकंप जोखिम, स्प्रिंग मैपिंग, और आपदा राहत के लिए प्रभावी बजटीय प्रावधान किए गए हैं। बजट में बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में रिस्पना–बिन्दाल एलिवेटेड रोड, पंतनगर एयरपोर्ट विस्तार, कुंभ मेला अवसंरचना, तथा पर्यटन विकास को भी विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ऋषिकेश को योग नगरी और हरिद्वार को आध्यात्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने को प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, नन्दा राजजात यात्रा और शारदा रिवर फ्रंट जैसे सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों को भी सशक्त किया जा रहा है।

उपराष्ट्रपति

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। एनडीए के सभी नेता इसमें शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी दलों सहित सभी राजनीतिक दलों से श्री राधाकृष्णन को सर्वसम्मति से चुनने की अपील की है। नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान श्री मोदी ने श्री राधाकृष्णन का एनडीए सांसदों से परिचय कराया।

इस बीच विपक्षी इंडिया गठबंधन ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। चुनाव अगले महीने की 9 तारीख को होगा।

जलभराव

हरिद्वार में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन एक विस्तृत योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। श्री दीक्षित ने कहा कि 2027 में होने वाले अर्धकुंभ से पहले जलनिकासी के मास्टर प्लान पर काम शुरू करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने शहर के भगत सिंह चौक और चंद्राचार्य चौक पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए जल संरक्षण की दिशा में काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में तालाबों का निर्माण कर जलभराव की समस्या पर काफी हद तक प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ओम गुप्ता ने कुंभ और कांवड़ मेला क्षेत्र में पेयजल और जलनिकासी से संबंधित डीपीआर की जानकारी दी।

सीएम के निर्देश

नैनीताल और बेतालघाट में हुई गोलीबारी की घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मामले की जांच कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत को सौंपी है। उन्होंने कहा कि आयुक्त पंद्रह दिन में जांच पूरी कर शासन को सौंपेंगे। गोलीबारी और अन्य घटनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस क्षेत्राधिकारी भवाली का तबादला जिले से बाहर करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, थानाध्यक्ष तल्लीताल का भी नैनीताल जिले से बाहर तबादला करने को कहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसी भी हालत में कानून–व्यवस्था से समझौता नहीं करेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

नाम परिवर्तन

पिथौरागढ़ जिले के 'खूनी' ग्राम का नाम बदलकर अब "देवीग्राम" कर दिया गया है। उत्तराखंड शासन के राजस्व विभाग ने इसकी विधिवत अधिसूचना जारी कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि स्थानीय निवासी लंबे समय से गांव का नाम बदलने की मांग कर रहे थे, उनकी भावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त कर अब यह मांग पूरी कर दी है। अब आधिकारिक रूप से "खूनी" ग्राम को "देवीग्राम" के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम राज्य सरकार की जनभावनाओं के प्रति प्रतिबद्धता और सांस्कृतिक संवेदनशीलता का प्रतीक है।

पोस्टर प्रदर्शनी

अल्मोड़ा के रैमजे इंटर कॉलेज में जिले की साहित्यिक विरासत पर एक पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें सरकारी, अर्ध–सरकारी और पब्लिक स्कूलों के छात्रों की ओर से अल्मोड़ा की साहित्यिक, सांस्कृतिक और विरासत पर बनाए गए चित्रों का प्रदर्शन किया गया। साहित्य महोत्सव की अध्यक्ष वसुधा पंत ने बताया कि अल्मोड़ा में 10 से 12 अक्टूबर तक अल्मोड़ा साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में विद्यालय स्तर पर छात्रों के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पोस्टर प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों को अपने साहित्य और संस्कृति से जोड़ना है। पोस्टर प्रदर्शनी में प्रतिभागी मानवी जोशी ने बताया कि उन्होंने मल्ला महल, नंदा देवी, जागेश्वर धाम जैसी विरासतों को दर्शाया है।

अवैध प्लाटिंग

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण–एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा है कि अवैध प्लॉटिंग न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे भविष्य में आम जनता को गंभीर समस्याएँ भी होती हैं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य सुनियोजित विकास को बढ़ावा देना और आम नागरिकों को सुरक्षित व सुव्यवस्थित आवासीय वातावरण प्रदान करना है। इसी क्रम में एमडीडीए ने भी कल अवैध निर्माण और प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई की। शिमला बाईपास और सेलाकुई क्षेत्र में चल रही दो बड़ी अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–––**

गैरसैंण मानसून सत्र को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से स–चित्र प्रकाशित किया है। संग्राम से सत्र की शुरूआत– हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक। इस खबर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– विपक्ष के हंगामे के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेश किया अनुपूरक बजट। दैनिक जागरण लिखता है– सदन की मर्यादा तार–तार, हंगामा। अमर उजाला लिखता है– विधानसभा में विपक्ष का जमकर हंगामा, सचिव की मेज पलटी, तोड़ दिया माइक।

आपदा से प्रभावित स्कूलों की मरम्मत का सरकार के हवाले से अमर उजाला लिखता है – आपदा से हुए नुकसान में स्कूलों के लिए 20 करोड़ रुपये जारी किए गए। दैनिक जागरण लिखता है – क्षतिग्रस्त विद्यालयों के पुनर्निर्माण को 20 करोड़ रुपये जारी।